three cotton years (September—August) were as under:

Year	Average prices (in Rs/-)
1992-93	28.70
1993-94	43.82
1994-95	57.05

(b) and (c) Import of cotton is permitted unde OGL with zero import duty. There could be some import of cotton by mills, depending on their specific requirements and subject to comparative international prices.

विदेशी पूंजी निवेश

2253. **श्री नागमणि :**

चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर विदेशी पूंजी निवेश या इसके नकारात्मक प्रभाव की स्थिति के मूल्यांकन के लिए कोई अध्ययन करवाया है, और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्र (डा0 देवी प्रसाद पॉल) : (क) और (ख) वित्त मंत्रालय के अनुरोध पर, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान ने विदेशी पूंजी निवेश पर दो अध्ययन किए । प्रथम अध्ययन "विदेशी निवेश प्रस्ताव: एक विश्लेषण" (अगस्त, 1991 – जुलाई, 1993) शीर्षक से मार्च, 1994 में प्रकाशित हुआ । दूसरा अध्ययन विदेशी निवेश प्रस्ताव और कार्यान्वयन स्थिति – एक समीक्षा (अगस्त, 1991 – दिसम्बर, 1994 शीर्षक से मार्च, 1995 में प्रकाशित हुआ । अध्ययनों की प्रमुख टिप्पणियां निम्नानुसार है:

- विदेशी निवेश प्रस्तावों का परिमाण वितरण अत्यधिक विषम है ।

- वर्ष 1991 – 94 के दौरान कुल एफ0 डी0 आई0 प्रस्तावों में से, धनराशि का लगभग ¾ भाग विकसित देशों द्वारा प्रदान किया जाता है जिसमें सं0 रा0 अ0 ने इन देशों के निवेश के आधे भाग में भागीदारी की ।

- विद्युत, तेल, लोहा और इस्पात, दूर-संचार, उपस्कर आदि जैसे क्षेत्रों में जो अब तक, आरक्षित सार्वजनिक क्षेत्र के लिए थे पश्च नीति अवधि के दौरान विदेशी विदेशी का एक बड़ा हिस्सा निवेश हुआ ।

- तकनीकी सहयोग में स्वचालित प्रक्रिया अधिक प्रभावी है ।

- प्रस्तावों और निवेश धनराशियों दोनों क्षेत्रों में एफ0 आई0 पी0 बी0 के महत्व में पर्याप्त वृद्धि हुई है ।

- जनवरी तक 2177.4 करोड़ रुपए के लिए 743 स्वचालित प्रस्तावों में से 687.1 करोड़ रुपए के लिए 251 मामलों में वास्तविक अन्त: प्रवाह की सूचना प्राप्त हुई ।

- अनेक उद्योगों में क्रमश प्रगतिशील रूप से स्थानीय वायदा बाजार के खिलाड़ियों को हटाने के लिए प्रतिस्पर्धा बड़ी टी0 एन0 सी0 के बीच हो सकती है ।

- उदार विदेशी निवेश नीति के अभाव में, विदेशी निवेशक शायद, इक्विटी स्टेक रखने और उद्यमों पर नियंत्रण रखने पर बल देते रहने की बजाए प्रौद्योगिकी को लाइसेंस प्रदान करने तक सहमत रहते ।

- बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अन्य प्रमुख गतिविधियों के विपरीत अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास घरेलु देशों तक सीमित करने हेतु प्रवृत्त होता है ।

मुद्रास्फीति दर में वृद्धि

2254. **श्री राम जेठमलानी :**

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 नवम्बर 1995 के दैनिक आब्जर्वर में "सुपोर्ट प्राइसेज कौजेज आफ इनफ्लेशन" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है,

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछले वर्षों में खाद्यान्न की समर्थन कीमतों के कारण देश में मुद्रस्फीति की दर में वृद्धि हुई है, और

(ग) यदि हां, तो 1992-93 1993-94 और 1994-95 के दौरान सरकार के अनुमान के अनुसार खाद्यान्न की समर्थन कीमतों के परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि की प्रतिशतता क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा0 देवी प्रसाद